हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 17 दिसंबर 2023

04 बकाया राशि वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने शुरू किया...



07 नगर पालिका ने सफाई मित्रों को वितरित किए गर्म...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2750 | 4300 |
| गेहूं 1544 | 2400 | 2888 |
| चना | 5000 | 5885 |
| मसूर | 5150 | 5895 |
| सोयाबीन | 3500 | 4754 |
| सरसों | 4900 | 5800 |
| धान | 1700 | 4370 |
| तेवड़ा | 3321 | 4200 |
| मक्का | 2000 | 2020 |
| ज्वार | 3100 | 3100 |
| धनिया | 0000 | 0000 |

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन 17 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 8

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल धर्मशाला में मोतियाबिंद शिविर आज

**विदिशा।** निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आज अग्रवाल धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निशुल्क शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर का आयोजन रोटरी क्लब आफ ग्रेटर विदिशा एवं नेत्र सेवा सदन हिरदाराम नगर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। मरीजों से शिविर में पहुंचकर निशुल्क सेवा का लाभ लेने की अपील की गई है।

### ग्यारसपुर पुलिस ने स्थाई वारंटी दबोचा

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर पुलिस ने स्थाई वारंटी शिवा रैकवार पिता प्यारेलाल रैकवार निवासी बमोरी जिला रायसेन को कुआंखेड़ी से एक ढाबा से दबोच लिया। थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी ने बताया की उप निरीक्षक राधेश्याम यादव के निर्देशन में टीम गठित की गई थी।2017 में एक अपराध पंजीबद किया गया था। 6 साल से अपराधी फरार था। कई बार कोर्ट से वारंट निकला परंतु अपराधी कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

### ग्रामीण महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**विदिशा।** जिले के अति पिछड़े आदिवासी सहरिया बहुल ग्राम पौआनाला एवं उदला खेड़ी में ग्राम विकास योजना के तहत पालन फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को गोबर से निर्मित वस्तुएं। जिनमें खूबसूरत दीपक, मोतियों की माला, सजावट के समान के साथ ही सुंदर-सुंदर मूर्तिओं का निर्माण करना सिखाया गया। शनिवार को इस शिविर का समापन हुआ।

## बादलों की ओट में सूरज




### अगले चार दिन दांत कड़कड़ाने वाली सर्दी के आसार...

**विदिशा।** आज रविवार से अगले 4 दिनों तक न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट होने की संभावना है। बुधवार को कड़कड़ा देने वाली सर्दी पड़ने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया की बुधवार को तापमान 7 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है, यदि ऐसा हुआ तो बुधवार का दिन सीजन का सबसे ठंडा दिन रहने वाला है। सोमवार से लेकर गुरुवार तक न्यूनतम तापमान में प्रतिदिन एक डिग्री की गिरावट दर्ज होगी। शुक्रवार से फिर से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगी। फोटो- शाहिद अहमद

### प्रवेश पत्र, फोटो आईडी प्रूफ और दो काले पेन की ही अनुमति

# परीक्षा आजः चार केन्द्रों पर 2141 परीक्षार्थी शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा संचालित राज्य प्रशासनिक सेवा एवं राज्य वनसेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2023 का आयोजन आज रविवार को किया जाएगा। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की गई है। जिसका समय सुबह 10 से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे बजे तक किया गया है।

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा संचालित राज्य प्रशासनिक सेवा एवं राज्य वनसेवा की प्रारंभिक परीक्षा में विदिशा के चार परीक्षा केन्द्रों पर कुल 2142 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रवार जानकारी के अनुसार परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल में 600 परीक्षार्थी, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में 500 परीक्षार्थी, सम्राट अशोक टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट इंजीनियरिंग कॉलेज में 600 परीक्षार्थी तथा सम्राट अशोक टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट पॉलिटेक्निक कॉलेज में 442 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा की समस्त प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोग द्वारा भोपाल संभाग के लिए सेवानिवृत आईएएस बीआर नायडू को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। परीक्षाओं में ऐसा पाया गया है कि परीक्षार्थी अपने कपड़ों, कफलींक, धूप का चश्मा, जूते-मोजे हाथ के बैंड, हाथ में बंधे बंधन इत्यादि में नाना प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग करते हैं। परीक्षा में किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा कक्ष में जूते- मोजे पहनकर प्रवेश करना वर्जित रहेगा। परीक्षार्थी चप्पल व सैंडल पहनकर आ सकते हैं।

### मप्र लोक सेवा आयोग अध्यक्ष ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया



मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा ने शनिवार को जिले के परीक्षा केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने समस्त परीक्षा केंद्र प्रभारी पर्यवेक्षकों एवं वीक्षकों को मार्गदर्शन दिया। संपूर्ण परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाना है। प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 से 4:15 तक आयोजित होना है। लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा ने विदिशा के चारों परीक्षा केंदों का निरीक्षण के दौरान कहा कि परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ हो इसका विशेष ध्यान रखें। परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो परीक्षा संचालन संबंधी समस्त दिशा निर्देशों एवं समय का पालन किया जाए। इस दौरान जिले के परीक्षा प्रभारी एवं संयुक्त कलेक्टर विष्णु यादव, उत्कृष्ट विद्यालय के परीक्षा केंद्राध्यक्ष, एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं वीक्षक मौजूद रहे।

### यह नहीं ला सकते परीक्षार्थी

चेहरे को ढंककर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में पेंसिल, रबर, इरेजर, व्हाइटनर, एवं एसेसरीज जैसे वालों को बांधने का क्लेचर, बक्कल, घड़ी, हाथ में पहनने वाले मैटेलिक, चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स, वायलेट, टोपी आदि वर्जित हैं। परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में अपने साथ केवल प्रवेश पत्र, मूल फोटो, आईडी प्रूफ एवं दो काले पेन ही ले जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त कोई भी सामग्री साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### मुक्तिधाम की सफाई में जुटी अंगद सेना समिति

**विदिशा।** अंगद सेना समिति द्वारा इन दिनों मुक्तिधाम की साफ सफाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। समिति के सदस्य सुबह 7 से 9 बजे तक मुक्तिधाम में सफाई करने पहुंच रहे हैं। मुक्तिधाम की सफाई व्यवस्था चौपट होने के बाद समिति ने यहां की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का निर्णय लिया। मुक्तिधाम में शवों का अंतिम संस्कार करने के लिए बनाए गए शेड से टीनें उड़ चुकी हैं। शेडों की मरम्मत के लिए विगत दिनों समिति सदस्यों ने सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा से मुक्तिधाम की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंप चुके हैं।

### आने लगे झूले, व्यापारियों ने शुरू की तैयारियां

**विदिशा।** शहर की ऐतिहासिक रामलीला इस साल 123 वर्ष में प्रवेश कर रही है। 14 जनवरी को विधिवत रूप से रामलीला मेले का शुभारंभ होगा। यहां चलित रामलीला का मंचन किया जाता है। इसी के साथ मनोरंजन के लिए झूले दुकानें और अन्य सामग्री के लिए भी मेले में तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। झूलों को संचालित करने वाले भोपाल निवासी नबाब खान ने बताया कि राजस्थान से मेले की सामग्री विदिशा पहुंच चुकी है। मेले को लेकर अब सिर्फ एक माह का समय बचा है मेले में दुकानें लगाने वाले व्यापारी अलग अलग शहरों से सामान लाने में जुटे हुए हैं।

# अस्पताल में मॉकड्रिलः मरीजों को तत्काल उपचार की सुविधा देने का अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड.19 महामारी को अंतरराष्ट्रीय लोक स्वास्थ्य चिंता की स्थिति से वापस लिया गया है। भविष्य में किसी भी लोक स्वास्थ्य की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी बनाए रखने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एक अखिल भारतीय मॉकड्रिल आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस ड्रिल का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालक तत्परता सुनिश्चित करना है।

शनिवार को सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ शिरीष रघुवंशी के मार्गदर्शन में संभावित कोविड मरीज मिलने पर मॉकड्रिल आयोजित की गई। जिसमें जिला चिकित्सालय में सुविधाओं की परिपालन तत्परता एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी सुनिश्चित की गई। कोविड गाइड लाइन के अनुसार संभावित कॉविड मरीज के अस्पताल आने की सूचना मिलने पर तत्काल मरीज को सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए स्ट्रेचर पर कोविड मरीजों के लिए पूर्व से निर्धारित लिफ्ट द्वारा कोविड वार्ड में लाया गया। वार्ड में उपस्थित ऑन ड्यूटी डॉ एवं स्टाफ द्वारा तत्परता से उपचार किया गया। डॉ शिरीष रघुवंशी सिविल सर्जन द्वारा जिला चिकित्सालय में सभी केंद्रीय ऑक्सीजन सपोर्ट बेड और ऑक्सीजन पॉइंट का मिश्रण किया गया जो सभी कार्यरत पाए गए।

### अस्पताल में यह सुविधाएं

जिला चिकित्सालय में 300 मरीजों के लिए पलंग की सुविधा है। अस्पताल में ऑक्सीजन सपोर्ट बेड की कुल संख्या 268 है। दो पीएसए प्लांट हैं जो 1000 एलपीएम 45 एलपीएम के हैं। 6 एलपीएम का आईसोलेशन प्लांट है। 90 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर हैं। इमरजेंसी सुविधा के लिए 40 भी टाइप सिलेंडर और 51 डी टाइप सिलेंडर है। अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन कोविड आईसीयू है। इसके अतिरिक्त 8 आईसीयू बेड की व्यवस्था तैयार की गई है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल में 15 वेंटीलेटर 90 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर तीन ऑक्सीजन प्लांट 28 आईसीयू बेड 38 पल्स ऑक्सीमीटर 10 नेबुलाइजर 650 पीपीई किट 500.500 और 95 मार्क्स आवश्यक औषधियां इत्यादि की उपलब्धता बनाए रखें।

# हौले हौले बजेंगे बैंड बाजेः डीजे संचालक अपने वाहनों से खुद ही साउंड निकाल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



मध्यप्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 13 दिसंबर को अपने पहले फैसले में तेज साउंड को कम करने के संबंध में आदेश निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने आदेश में धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर और खुले में मांस की बिक्री पर पाबंदी लगाने के भी निर्देश जारी किए हैं। जिसके बाद विदिशा में जिला प्रशासन ने इस आदेश का सख्ती से पालन करने के लिए कमर कस ली है।

शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने धार्मिक गुरुओं और डीजे वालों की बैठक ली थी। बैठक में धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज़ में लाउड स्पीकर नहीं बजाने की समझाइश दी थी। इसके साथ ही डीजे पर से भी लाउडस्पीकर हटाने के लिए सात दिन की मोहलत दी थी। इसके बाद आदेश का पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी। प्रशासन की समझाइश का असर देखने को मिल रहा है। डीजे संचालक अपने वाहनों से खुद ही साउंड निकल रहे हैं। जिले में आजाद बैंड के संचालक जिनकी की तीन से चार गाड़ियों में साउंड सिस्टम लगे हुए थे। शनिवार को वाहनों से आवश्यकता से ज्यादा लगे साउंड सिस्टम हटाने की कार्रवाई की। वाहन चालक ने बताया कि वाहन पर पहले चार साउंड सिस्टम और दो स्पीकर बॉक्स लगे हुए थे। अब डीजे वाहन में से ज्यादा लगे साउंड हटा दिए हैं।

### शहीद ज्योति स्तंभ पहुंचा भारतीय मजदूर संघ

# ढाका पर शहीद जवानों को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा




भारतीय मजदूर संघ ने ढाका विजय दिवस 16 दिसंबर के उपलक्ष्य में शनिवार को शहीद ज्योति स्तंभ पहुंचकर पुष्पांजलि दी।

संघ ने ढाका पर शहीद हुए जवानों को याद किया। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेन्द्र सोनी ने अपने संबोधन में कहा की 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश स्वतंत्र हुआ। शरद श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि 16 दिसंबर को भारतीय सेना द्वारा बांग्लादेश का निर्माण किया गया। लाखन सिंह जाट जिला मंत्री ने कहा कि भारत में स्वतंत्रता के पश्चात पाकिस्तान से तीन युद्ध हुए चीन से एक युद्ध हुआ भारत की सेना ने मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर भारत माता की रक्षा की। दुश्मनों के घुटने टेक दिए। चाहे वह 1948 का युद्ध हो 1965 का युद्ध हो, 1999 का युद्ध हो। 1947 में पाकिस्तान बनने के बाद पाकिस्तान में आपसी कट्टरता आपसी मतभेदों के कारण भेदभाव किया जाता था। पूर्वी पाकिस्तान पश्चिमी पाकिस्तान आपस में एक दूसरे के दुश्मन थे। हमेशा जनता के साथ राजनेताओं के साथ भेदभाव के शिकार हुआ करते थे। पाकिस्तान की सेना द्वारा बांग्लादेश के लोगों को कुचला गया। बंदी बनाया गया घर में नजर बंद किया गया जितने अत्याचार हो सकते हैं किए गए। पुष्पांजलि कार्यक्रम में प्रदीप निगम, अशोक कुशवाह, रामू राम जाट, जितेंद्र जैन, रघुवीर सेन, उधम सिंह अहिरवार, मनीष जाटव, मनोज ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### ऑडिटोरियम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ

# 41 दिन तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसका लाइव प्रसारण देखनए सुनने के प्रबंध किए गए थे।

शनिवार को ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम को अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व कन्या पूजन से शुभांरभ किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का लाइव उद्बोधन देखने व सुनने के लिए एक बड़ी व छोटी एलईडी लगाई गई थी। जिस पर प्रसारित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन व लाभांवित हुए हितग्राहियों से हुए संवाद को कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों तथा आम नागरिकों के द्वारा देखा हुआ सुना गया है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए किए गए प्रबंधो पर गहन प्रकाश डाला।ए उन्होंने बताया कि विदिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक कुल 41 दिवसों तक उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



**विदिशा।** कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत विदिशा के रविन्द्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम परिसर में आईईसी वैन ;प्रचार रथोंद्ध को जिपं अध्यक्षए विधायकगण समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। जिले को प्राप्त आईईसी वैन विकसित भारत संकल्प यात्रा की अवधि में विदिशा जिले की 577 ग्राम पंचायत तथा 6 नगर परिषद अंतर्गत भ्रमण करेंगी। कार्यक्रम स्थल पर जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला पंचायत सीईओ एवं अभियान के ग्रामीण नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसटए विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्माए महिला स्व.सहायता समूह के सदस्य तथा विभिन्न विभागों के अधिकारीए कर्मचारी मौजूद रहें।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2670
उच्चतम भाव-3560
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2221
उच्चतम भाव-3040
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2316
उच्चतम भाव-2381
चना
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5671
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5800
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4750
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-4700
सरसों
न्यूनतम भाव-4630
उच्चतम भाव-5150
उड़द
न्यूनतम भाव-2801
उच्चतम भाव-7375
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4380
मूंग
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5000
ज्वार
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव-6730
बटरी
न्यूनतम भाव-3950
उच्चतम भाव-3950
धना
न्यूनतम भाव-5590
उच्चतम भाव-5950

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 11915 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# राशन वितरण में हेराफेरी करने वाले दुकान संचालक पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम भिदवासन की राशन दुकान में गत 24 अगस्त की रात में राशन चोरी होने की शिकायत सामने आई थी। इस मामले में पुलिस एवं खाद्य विभाग की टीम ने जांच की थी। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दुकान संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में फरियादी आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य द्वारा बताया गया है कि ग्राम भिदवासन की राशन दुकान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति द्वारा संचालित है। इस दुकान का राशन एक कमरे में रखा जाता है। जांच के लिए पहुंची टीम को स्टाक पंजी भी नहीं मिली। वहीं जांच में एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से राशन वितरण के संबंध में की गई पूछताछ में



सामने आया कि राशन दुकान से मई माह में 4 उपभोक्ताओं, जून माह में 10 उपभोक्ताओं, जुलाई में 20 उपभोक्ताओं और अगस्त माह में 7 उपभोक्ताओं को राशन वितरित नहीं किया गया। जबकि पीओएस मशीन पर संबंधित उपभोक्ताओं की फिंगर दर्ज हैं। स्टाक के भौतिक सत्यापन में राशन भी कम पाया गया। जब दुकान संचालक से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि 24 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने दुकान से 68 क्विं गेहूं, 7 क्विंटल से अधिक चावल आदि राशन चोरी किया है, लेकिन जांच में यह चोरी साबित नहीं हो सकी। इस कारण यह पूरा मामला संदिग्ध हो गया।

इस जांच के बाद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य की शिकायत पर पुलिस ने राशन दुकान संचालक संतोष रघुवंशी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3, 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## लंबे समय से बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे

# बकाया राशि वसूली के लिए विद्युत कंपनी ने शुरू किया सख्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विद्युत वितरण कंपनी ने नगर में अपनी बकाया बिल राशि की वसूली के लिए अब सख्ती से अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत नगर में करीब आधा दर्जन अधिकारी, कर्मचारियों की टीमें गली, गली घूम रही हैं और विद्युत उपभोक्ताओं की बिल राशि की जांच कर रही हैं। ऐसे में बडे बकायादारों के कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं। शनिवार को विद्युत कंपनी की टीमों ने 62 बकायादारों के कनेक्शन विच्छेदित किए।

ज्ञात हो कि विद्युत वितरण कंपनी की नगर के विद्युत उपभोक्ताओं पर करीब 27 करोड रूपए की बिल राशि बकाया है। इनमें से कई उपभोक्ताओं पर तो लंबे समय से काफी बडी बिल राशि बकाया है, लेकिन वे बार बार नोटिस के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं। वहीं कई छोटे उपभोक्ताओं ने भी महीनों से 500 रूपए तक की बिल राशि भी जमा नहीं की है। ऐसे सभी बकायादारों के खिलाफ अब कंपनी ने सख्ती से अभियान शुरू कर दिया है।



इस वसूली अभियान के तहत कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों के नेतृत्व में विभाग की करीब आधा दर्जन टीमें नगर के प्रमुख मार्गों सहित गली, मोहल्लों में भी सतत भ्रमण कर रही हैं। इन टीमों द्वारा प्रत्येक उपभोक्ता के मीटर, बिल, बकाया राशि आदि की जांच की जा रही है। जिसमें तुरंत बिल राशि जमा करने से लेकर 500 रूपए से लेकर 1 लाख या अधिक राशि के बकाया बिल होने और राशि जमा न कराने पर संबंधित उपभोक्ता के विद्युत कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं। कंपनी के जेई मदन अहिरवार ने बताया कि शनिवार को करीब 62 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। इनमें 1 लाख रूपए से अधिक राशि के 5 बकायादारों सहित अन्य 500 रूपए से लेकर 99 हजार रूपए तक के बकायादार शामिल हैं। अब कंपनी का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। कंपनी ने उपभोक्ताओं से बिल समय पर जमा कराने की अपील की है।

## ट्रैक्टर चालक पर चालानी कार्रवाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के मार्गदर्शन में सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली में अनधिकृत रूप से साउंड सिस्टम लगाकर चालन करने वाले ट्रैक्टर चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। शनिवार को बरेठ रोड से एक ट्रेक्टर तेज स्पीड में तेज साउंड बजाते हुए निकला। जिसे पुलिस द्वारा त्योंदा रोड पर पकड़ लिया गया। ट्रेक्टर चालक बाजार क्षेत्र में साउंड बजाते हुए ट्रैक्टर का चालन कर रहा था। उस पर चालानी कार्रवाई कर साउंड सिस्टम खुलवाकर समझाईश दी गई कि द्वारा वाहन में अनाधिकृत रूप से साउंड सिस्टम ना लगवाए। उक्त जानकारी सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे द्वारा दी गई।

### राम विवाह महोत्सव आज

**गंज बासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम हथौड़ा स्थित बालाजी मंदिर में विवाह पंचमी के उपलक्ष्य में आज सुबह 11 बजे श्री राम बारात निकाली जायेगी जो मंदिर से शुरु होकर नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण उपरांत मानस भवन (जनकपुरी) पहुंचकर विश्राम करेगी। मंदिर के पुजारी पंडित राजा महाराज ने समस्त रामभक्तों से बालाजी मंदिर हथौड़ा पहुंचकर अधिक से अधिक संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं से श्रीराम बारात में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### उकायला में प्राण प्रतिष्ठा, भंडारा हुआ



**गंजबासौदा।** ग्राम पंचायत उकायला स्थित मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा समारोह, शिव अभिषेक, गंगा पूजन, प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन मंदिर प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंत में पूर्ण आहुति भण्डारे का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के ग्रामों से महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। इस मौके पर मिट्ठू लाल कुशवाह, भीकम सिंह, रामनभरोसी, बाबूलाल, हेमराज, गोविंद सिंह, शंमूसिंह अकतसिंह गुलाब सिंह, महेश, रामू, विनोद, नीरज, विमल सोलंकी सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## रेल्वे पुल के नीचे वृद्ध ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार के सुबह लाल पठार स्थित रेल्वे ओवर ब्रिज पर एक अधेड़ व्यक्ति ने पुल पर लटकने वाली नसेनी से रस्सी बांधकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्थानीय रहवासियों ने जब वृद्ध को फांसी पर झूलते देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने प्राप्त जानकारी के अनुसार वृद्ध का नाम भंवर सिंह राजपूत निवासी ग्राम मसूदपुर उम्र 65 वर्ष है। वृद्ध विगत दिवस घर से विदिशा जाने की बात कहकर निकला था। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिये जनचिकित्सालय पहुंचाया। जहां पीएम के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया एवं मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## डिवाइडर से टकराकर कार हुई क्षतिग्रस्त



गंजबासौदा। शनिवार को अल सुबह लगभग 4 बजे अंबेडकर चौक पर काले रंग की स्कार्पियो कार क्रमांक एमपी 40 सीए 1116 अज्ञात कारणों के चलते डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

## ककरावदा में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम ककरावदा में संचालित है। शिविर में रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी ने कहा कि जीवन की सार्थकता भारत भूमि की सेवा में होना चाहिए। सेवा और देशभक्ति के भाव का बीज रूपण राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के माध्यम से होता है हमें अपना जीवन भारत माता की सेवा में अर्पण करना चाहिए। उनके द्वारा स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को रक्तदान के लिए संकल्प दिलाया गया। अनिल दुबे ने रक्त के विभिन्न प्रकार एवं उनके महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में स्वयंसेविका सलोनी रघुवंशी, कशिश नामदेव ,दिशा जैन, चंचल अहिरवार ,कमली प्रजापति, नैंसी विश्वकर्मा ,टीना प्रजापति, आयुषी राजपूत और सानिया मंसूरी द्वारा सोशल मीडिया के दुष्परिणाम पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में भारती पंथी, वंदना मिश्रा, पुष्पा तिवारी, अन्नू जैन एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय ककरावदा के



स्टाफ सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। रक्त सेवा समिति गंजबासौदा के सदस्य सुनील अहिरवार द्वारा निशुल्क रक्त परीक्षण किया गया जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक के छात्र-छात्राओं सहित स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों ने रक्त परीक्षण कराया। 125 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा द्वारा किया गया। रक्त परीक्षण में विशेष सहयोग स्वयंसेवक प्रथम महलवार, सचिन अहिरवार, अरविंद अहिरवार, राजकुमार विश्वकर्मा का रहा। स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया एवं ग्राम वासियों की जागरूकता हेतु विशाल बेटी बचाओ अभियान की रैली का आयोजन किया गया। तोशिफ अली को सर्वश्रेष्ठ शिविर नायक के लिए पुरस्कृत किया गया।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

गंजबासौदा। समीपस्थ ग्राम आगासोद में खेत में पानी देते समय पिपरिया जाजौन निवासी चरण सिंह नामक युवक को करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक पिपरिया जाजौन का निवासी है और आगासौद में मजदूरी करने आया था। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय माय स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत खो खो, कबड्डी, कैरम, चेस, दोड़,चेयर रेस ,चम्मच, रस्सी खींच आदि खेलों का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिताएं प्राइमरी, मिडिल ब बॉयज ऐंड गर्ल्स दोनो वर्गो में आयोजित की गई। खेल प्रतियोगिताओ के समापन के अवसर पर बच्चों को पुरूस्कार वितरण किया गया। सभी टीम गेम के विजेता एवम उप विजेताओं को मंच पर बुला कर ट्राफी एवम मेडल दिए गए। साथ ही इंडिविजुअल गेम व एथेलेटिक्स में भी पुरस्कार दिए गए। साथ ही वर्ष भर हुई प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, मेंहदी, राखी मेकिंग, दीप सज्जा, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, भाषण, वाद विवाद के भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव, माय स्कूल की प्रधानाध्यापक मिथलेश श्रीवास ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

## शीत ऋतु प्रकल्प अंतर्गत पिछड़ी बस्ती में कपड़े बांटे

# वार्ड क्रमांक 3 की निचली बस्ती में गर्म कपड़े वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को एक संस्था द्वारा शीत ऋतु प्रकल्प आयोजित किया गया। जिसमें बताया गया कि क्लब जिस प्रकार से पीड़ित मानवता की सेवार्थ कार्य करता आ रहा है हम सब सदस्यों की विचारधारा न केवल समाज सशक्तिकरण की है। अपितु जन जागरूकता की भी है कि हमारे द्वारा समाज में ऐसे प्रेरणादायी कार्य हों जिससे समाज में जागरूकता उत्पन्न हो। इसी तारतम्य में क्लब द्वारा वार्ड नंबर 3 नानाजी वाली गली की पिछड़ी बस्ती क्षेत्र के बच्चों को नवीन स्वेटर, गर्म लोअर, ऊनी बाबा सूट आदि गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इसके साथ ही रिंकी जैन की पुत्री नित्या जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। जिससे समाज में एक संदेश पहुंचे कि बड़े होटल एवं रेस्टोरेंट में पार्टी कर धन खर्च करने के स्थान पर हमें उस धन का सदुपयोग करना चाहिए। जिससे किसी जरूरतमंद तक मदद पहुंच सके। जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर हमारे मित्र व परिजन हमें जो नकद एवं महंगे उपहार देते हैं, वह ना लेकर उस पैसे से किसी जरूरतमंद के लिए जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया जा सकता है।

इन छोटी-छोटी सी बातों को अपने जीवन में अपनाकर हम समाज में बड़े से बड़ा बदलाव भी कर सकते हैं। बस आवश्यकता है इच्छा शक्ति की, जिस प्रकार से शीतऋतु का आगमन हो गया है और हमारे क्षेत्र में बहुत ठंड पड़ती है इस बात को ध्यान में रखते हुए गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष मंजू ओसवाल, मिथिलेश शर्मा एवं अनीता जैन ने बताया कि और भी किसी जगह पर यदि ऊनी वस्त्रों की आवश्यकता होती है, तो क्लब उन्हें उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत रहेगा। मंडल प्रमुख रिंकी जैन के निवास स्थान पर बस्ती के बच्चों को बुलाकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मंजू ओसवाल, कोषाध्यक्ष मिथलेश शर्मा, एडिटर अनिता प्रणय जैन, मंडल प्रमुख रिंकी जैन, ज्योति जैन सहित बस्ती के नन्हे बच्चे उपस्थित थे।

### बीती रात दो कॉलोनी से दो बाइक चोरी




**गंजबासौदा।** नगर के तिरंगा चौक स्थित दो कॉलोनी में से रात्रि में अज्ञात चोर दो मोटरसाइकिल चुरा कर ले गए हैं। जिसकी शिकायत लोगों ने देहात थाने में दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारका धाम कॉलोनी निवासी आसिफ मंसूरी ने शिकायत की है कि कल दिनांक 15 दिंसबर की रात्रि में करीब 3 बजे के आसपास प्रार्थी की एक मोटर साईकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नं.**MP40ML** 1899 है कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। वहीं ब्रजधाम कॉलोनी निवासी सुखलाल सिलावट की बाइक रात्रि में करीब 2 बजे के आसपास चोरी हो गई है। जिसका रजिस्ट्रेशन नं.**MP40MW**8279 है।

### प्राण घातक हमला करने वाले आरोपियों को 10-10 वर्ष का कारावास



**गंजबासौदा।** पचमा रोड कर्मा देवी चौराहा पर प्राण घातक हमले के एक मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज ने आरोपियों को 10-10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा आरोपियों को तीन-तीन हजार रुपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया। घटना 23 मई 2022 की है। इसका विवरण कुछ इस प्रकार है कि घटना वाले दिन नगर पालिका वाटर बॉक्स कर्मचारी तिरंगा चौक निवासी राम दांगी नौलखी घाट बेतवा से रात करीब 10 बजे अपनी ड्यूटी से वापिस घर आ रहा था। तभी उसे भोला उर्फ शक्ति राजपूत ने फोन किया। उसने कहा कि पचमा चौराहे पर आ जाओ तुम्हारी गाड़ी की बात करना है।फोन आने के बाद राम दांगी पचमा चौराहे पर पहुंचा, जहां भोला और समीर खान खड़े थे। उन दोनों ने उसके साथ गाली-गलौंजकरते हुए कहा कि न तो तुम्हारी गाड़ी सुधरवाएंगें और न ही तुम्हे पैसे देगें। इस पर राम ने जब दोनों से गाली देने को मना किया तो समीर खान ने उसे राड मारी जो उसके दाहिने कंधे में लगी। इससे वह अपनी मोटरसाइकिल से गिर गया। इसके बाद भोला ने उसे छुरी मारी, जो बायें तरफ पेट में लगी, जिसकी रिपोर्ट फरियादी राम ने अपने पिता के साथ जाकर देहात थाना में दर्ज कराई। अपर शासकीय अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ प्राण घातक हमले सहित मारपीट का प्रकरण दर्ज किया था। जांच के बाद न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान घटना के चश्मदीद साक्षियों के बयान व शासकीय अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होकर दोनों आरोपी भोला उर्फ शक्ति राजपूत एवं समीर खान को दोषी पाते हुए दंडित किया।

## वाचनालय में विजय दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने संबोधित करते हुए कहा है कि आज के दिन पाकिस्तान पर भारत की जीत के रूप में विजय दिवस मनाया जाता है। इस जीत के बाद पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए और बांग्लादेश अस्तित्व में आया एवं पाकिस्तान सेवा प्रमुख जनरल ए ए खान नियाजी ने अपने 93000 सैनिकों के साथ भारतीय फौज की अगुवाई कर रहे लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने घुटने टेक दिए। शहर वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्ति करते हुए कहा है कि मात्र 13 दिन में पाकिस्तान के सैनिकों ने भारतीय फौज के सामने हथियार डाल दिए। अंत में भारतीय फौज के शहीद सैनिकों को श्रद्धा सुमन सुरेन्द्र शर्मा ने अर्पित किए गए। इस अवसर पर उमेश ताम्रकार, प्रेम सिंह सेंगर, हर्षित शर्मा, रामकरण गुट्टी दादा, कैलाश, राजा, अर्थ शर्मा, टीपू सोलंकी आदि पाठक मौजूद थे।

कड़ाके की ठंड में भी सफाई मित्र सुबह 5 बजे शहर की सफाई के लिए घर से निकल आते हैं

# नगर पालिका ने सफाई मित्रों को वितरित किए गर्म कपड़े

**सीएमओ बोले-अपनी स्वेच्छा अनुसार अपनी पसंद के कपड़े उठाए और पहनकर देखे, जिसको जो अच्छे लगें वह उन कपड़ों को रखें।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनमोहन साहू, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा और नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद के समस्त सफाई मित्रों को गर्म कपडों का वितरण किया गया। जिसमें खास बात यह रही कि सफाई मित्रों को वितरण के लिए लाए गए गर्म कपडों को एकत्रित कर नपा हॉल में टेबलों पर रख दिया गया और सफाई मित्रों से सीएमओ राम प्रकाश साहू ने कहा कि सभी सफाई कर्मचारी अपनी स्वेच्छा अनुसार अपने पसंद के कपडें उठाए और पहनकर देखे। जिसको जो कपडें अच्छे लगें वह उन कपडों को रखें। वही उन्होने कहा कि सर्दी के मौसम में सफाई मित्र सुबह 5 बजें से शहर की सफाई के लिए निकल जाते है और सर्दी का मौसम में सुबह सुबह अपने काम पर निकलना काफी कष्टप्रद रहता है। गर्मी में तो काम चल जाता है और सुबह सुबह काम पर जाने में कोई दिक्कत भी नही होती लेकिन सर्दी के मौसम में सफाई मित्रो को भारी मुसीबत का सामान कर अपना काम करना पडता है। इस मौके पर समस्त सफाईकर्मियों ने नगर पालिका परिवार को धन्यवाद दिया। वही नपा अध्यक्ष ने सफाईकर्मियों को आगे भी इसी प्रकार का सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर यूनियन अध्यक्ष आकाश सहेले सहित समस्त सफाईकर्मियों ने नपा परिवार के इस कार्य की सराहना की गई। इस मौके पर नपा के समस्त कर्मचारी मौजूद रहें।

### कोरोना काल में गरीबों के घर-घर पहुंचकर देते थे भोजन सामग्री

*उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में जहां कोई व्यक्ति अपने घर से बाहर निकलने में भी डरता था। उस समय राम प्रकाश साहू अकेले ही अपने दो पाहिया वाहन पर सवार होकर भोजन सामग्री लेकर गरीब बस्तियों में पहुचकर गरीबों को भोजन सामग्री का वितरण करते थें। साथ ही नगर के चौक-चौराहो पर डयुटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को चाय नाष्ता,बिस्कुट आदि का वितरण करते थे। श्री साहू कैसी भी परिस्थिति हो हर समय गरीबों की मदद के लिए हमेषा आगे खडें रहते है। चाहे भीषण गर्मी हो या कडाके की सर्दी हर मौसम में गरीबों की मदद के लिए कभी पीछे नही हटतें और गरीबो व्यक्ति की तन मन के साथ यदि धन से भी मदद करते है।*

# बेलगाम यातायातः बनी रहता है हादसों का डर, फर्राटे भर रहे ओवरलोड वाहन

**वाहनों पर खतरनाक तरीके से रखकर ले जा रहे सरिया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

शहर में वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लघंन करते नजर आ रहे है। जिस वजह से प्रमुख मार्गो पर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। खासकर ओवरलोड वाहनों के आए दिन सडक़ों पर फंसने के कारण जहां मुख्य मार्गो पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वही दूसरी ओर घटना-दुर्घटनाओं का अंदेशा भी लगा हुआ है। जानकारी के अनुसार लोडिंग वाहन, ट्रैक्टर -ट्राली में क्षमता से अधिक माल भरकर परिवहन किया जा रहा है। वही यात्री वाहनों में भी अधिक संख्या में सवारियां बैठाकर वाहन सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे है। जिनके हादसे का डर लगा रहता है। पूर्व में कई बार ओवरलोड वाहनों के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को इन वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

### प्रशासन को गंभीरता दिखाना होगी

ओवरलोड वाहनों के अलावा शहर के मुख्य मार्गो पर वाहनों के बाहर लटके नुकीले सरिये के हो रहे परिवहन से भी हादसे की संभावना बनी रहती है। दरअसल शहर के मुख्य मार्गो से यह वाहन चालक लापरवाही पूर्वक सरिये रखकर ले जाते है। पुलिस प्रशासन कई बार वाहन चालकों को इस तरह आमजन की सुरक्षा को दरकिनार कर सरिये रखकर ले जाने के मामलो में समझाइस भी दे चुका है। लेकिन पुलिस के निर्देशों का भी इन पर कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। नगर के छत्री नाका चौराहा, बासौदा नाका, आरोन रोड, कुरवाई रोड पर टैक्टर-ट्राली, लोडिंग वाहनों में लापरवाही पूर्वक सरिये रखकर ले जाते वाहन आसानी से देखने को मिल जाते है। फिलहाल प्रशासन को गंभीरता से इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करना चाहिए। इसके अलावा शहर में बीच सडक़ों पर खड़े वाहनों के कारण भी यातायात व्यवस्था प्रभावित होती नजर आ रही है।

# सीधे प्रसारण से हितग्राहियों को दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

**वंचितों को मिलेगा योजनाओं का लाभ, दिलाया भरोसा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

शनिवार को नगर पालिका परिषद बैठक हॉल में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सीधा प्रसारण आयोजित किया। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाष साहू ने हितग्राहियों को शासन की अनेको योजनाओं के बारे में अवगत कराया। वही उन्होने कहा कि यदि कोई भी हितग्राही शासन की किसी भी प्रकार की योजना से वंचित रह गया है तो उसे योजनाओं का लाभ जल्द दिया जाएगा। उन्होने प्रधानमंत्री लोन, बीमा, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी समस्त योजनओं से अवगत बारे में हितग्राहियों को जानकारी दी। सीधे प्रसारण में नपा अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,पार्षदगण,नपा कर्मचारी सहित बडी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

**ग्राम भौरिया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा, बड़ी तादाद में उमड़ रहे भागवत रसिक**

# श्रीमद्भागवत के पांचवें दिन किया श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज



ग्राम भौरिया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इस मौके पर कथा वाचक पंडित आचार्य अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने संगीतमय कथा का वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया। श्रोताओं से कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होती है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, परंतु भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, परंतु भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी वर्षा करते हैं। इसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। भगवान द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाकर लोगों को बचाने से इंद्र का घमंड चकनाचूर हो गया। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। मौके पर बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नाबालिग को अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदंड

**सागर ।** नाबालिग का बुरी नियत से पीछा करने वाले एवं अश्लील मेसेज़ भेजने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट) एवं नवम अपर-सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा की अदालत ने दोषी करार देते हुये 3-3 वर्ष सश्रम कारावास एवं पॉच-पॉच हजार एवं सूचना प्रोद्योगिकी अधि. 2000 की धारा-67 के तहत 03 वर्ष सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये व धारा-67ए के तहत 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज पटैल ने की । पीड़िता ने 6 सितंबर 2021 को थाना मकरोनियामें इस रिपोर्ट कराई कि आरोपी नरेश उसे करीबन एक वर्ष से आपत्तिजनक मैसेज करता था। तब उसने आरोपी का नंबर ब्लाक कर दिया फिर कुछ दिन बाद उसे आरोपी दूसरे नंबर से करीबन एक वर्ष से मैसेज भेजता रहा। आरोपी नरेश शिल्पकार उसे लगातार करीब 16 जुलाई 2020 से वाटसएप मैसेज पर पीछा कर आपत्तिजनक मैसेज कर रहा है एवं उसे बुरी नियत से देखते हुए उसके घर से पीछा करता है। घटना की जानकारी उसने अपने पिता को दी तो उन्होंने आरोपी को मैसेज करने से मना किया लेकिन वह नही माना तब उसने अपने माता-पिता व भाई को घटना की जानकारी दी व थाना पर रिपोर्ट की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया।

# विवाह पंचमी पर आज होगा सीताराम विवाह महोत्सव, निकलेगी बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहली

मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मार्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम तथा जनक दुलारी माता सीता का विवाह हर्षोल्लास के साथ हुआ था, इस वजह से हर वर्ष मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी को श्री राम विवाह महोत्सव मनाया जाता है, जिससे विवाह पंचमी के नाम से भी जानते हैं। रहली बजरिया स्थित जानकी रमण मंदिर के अध्यक्ष सौरभ हजारी ने बताया कि बिगत बर्ष की भांति इस बर्ष भी श्रीराम जानकी जी का विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार विवाह पंचमी पर दिन में विभिन्न रस्मे होंगी और रात्रि में भव्य वारात नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली जाएगी जिसमें ढोल, बाजा, बग्गी, और रथ पर सवार होकर भगवान की झांकी निकाली जाएगी। देर रात्रि भी कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। ज्योतिषाचार्य पं. नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के अनुसार इस वर्ष विवाह पंचमी या श्रीराम विवाह महोत्सव 17 दिसंबर दिन रविवार को है। इस दिन व्रत किया जाता है और नगर में राम बारात निकाली जाती है।

### विवाह पंचमी मुहूर्त

पं. नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि का प्रारंभ 16 दिसम्बर की रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होकर 17 दिसम्बर में शाम 5 बजकर 35 मिनिट तक रहेगी इसलिए उदयकालीन 17 दिसम्बर में संपूर्ण दिन रात श्रीराम विवाह पर्व मनाया जाएगा। धूम धाम से बारात निकलेगी, हल्दी, चंदन, तेल, मंडप के कार्यक्रम चल रहे है।

### विवाह पंचमी का महत्व

आचार्य पं. नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि मिथिला के राजा जनक जी अपनी प्रिय पुत्री सीता के लिए स्वयंवर का आयोजन करते हैं, सूचना पर भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण और गुरु जी के साथ उसमें शामिल होते हैं। एक-एक करके अनेक योद्धा शिव धनुष को तोड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन विफल हो जाते हैं। तब भगवान श्रीराम उस शिव धनुष को तोड़ते हैं और सीता जी उनके गले में वरमाला पहनाकर उनको अपना वर चुनती हैं। फिर मिथिला से यह शुभ समाचार अयोध्या पहुंचाया जाता है, तो वहां हर्षोल्लास का वातावरण बन जाता है। दशरथ जी भरत और शत्रुघ्न को साथ लेकर बारात के साथ जनकपुर पहुंचते हैं। फिर मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी को श्रीराम और सीता जी का विवाह होता है।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक

**सागर।** मत्स्योद्योग विभाग द्वारा प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये आवेदन 31 दिसंबर तक आमंत्रित किये गये है। योजना में तालाब निर्माण, मत्स्य बीज संवर्धन क्षेत्र विकास, कोल्ड स्टोरेज, एवं मत्स्य परिवहन के लिए मोटर साइकिल, थ्री व्हीलर आपे, इंसूलेटेड वेन आदि शामिल है।

# डीजे संचालकों के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

थाना परिसर में डीजे संचालकों के साथ थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी ने बैठक की। जिसमें निर्देश देते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत डीजे का संचालन करें। जिससे नियमों का उल्लंघन न हो। जो पैमाना है उसी के अनुसार साउंड चलाएं यदि किसी प्रकार की कोई शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। बैठक के बाद सरपंच के साथ मटन चिकन की दुकानों पर जाकर निरीक्षण किया और निर्देश दिए हैं कि तय स्थान पर ही अपनी दुकानों का संचालन करें। इस संबंध में डीजे संचालक को कहना है कि यदि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत डीजे का संचालन किया जाएंगा तो कोई भी शादी विवाह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में डीजे नहीं लगवाएगा। जिससे आर्थिक रूप से हमारे घर परिवार पर रोजी रोटी का संकट गहराने लगेगा। हमें काम नहीं मिलेगा। सरकार से निवेदन है कि कोई बीच का रास्ता निकाले जिससे कि हमारा धंधा प्रभावित न हो और हम पर आर्थिक संकट से भी न जूझना पड़े।

## बुरी नियत से हाथ पकड़ने वाले आरोपी को एक साल की सजा

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। न्यायालय मोना शुक्ला पाण्डेय ने छेड़छाड़ करने वाले आरोपी रंजीत को एक साल की सजा सुनाई है। उक्त प्रकरण में पैरवी गार्गी झा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई। फरियादी ने थाना हैदरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी की सुबह 11 बजे कचरा फेंककर घर वापस आ रही थी तभी आरोपी रंजीत अहिरवार ने बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया। वह हाथ छुड़ाकर भागी और चिल्लाई तो उसकी मां आ गई। जिसे देखकर आरोपी भाग गया। पुलिस द्वारा प्रकरण विवेचना में लिया गया तथा विवेचना के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

# मोहन सरकार के आदेश पर नपं सक्रिय, मांस मछली विक्रेताओं को मुनादी कर दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

पिछले दिनों प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा खुले में मांस, मछली के विक्रय पर रोक लगाने के साथ नियमों के पालन में नगर परिषद सक्रिय हुई। नगरीय क्षेत्र में पशु मांस एवं मछली विक्रय करने वालों को सूचना पत्र एवं मुनादी के माध्यम से लायसेंस प्राप्त कर ही विक्रय करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

नगर में पुराने थाने, एसडीओ आफिस सभी के पास ही मांस, मछली बैंचने की अधिकांश दुकाने लगने की परंपरा है। इसी के साथ कुछ स्थानों पर मांस और अंडे बैंचने की परंपरागत रूप से दुकाने संचालित हो रही हैं। सर्दी का मोसम होने से स्थान स्थान पर हाथ ठेलों पर अंडे उबालने, बैंचने लोग नगर आते हैं। पूर्व से कितने दुकानदारों द्वारा मांस, मछली बैंचने न.प. से एनओसी और खादय औषधी विभाग से लायसेंस लिया है, इसकी कोई पुख्ता जानकारी नही है। कसाई मोहल्ले में पशुओं के काटने और पुराने थाने, सब्जी मंडी से लगकर वर्षो से मांस, मछली का कारोबार चल रहा है। जहां मुस्लिम आबादी अधिक है, आम रास्तों पर मटन, मछली बैंचने की छुटपुट दुकाने भी दिखलाई देती हैं। इन मांस, मछली विक्रेताओं द्वारा नियमों का कितना पालन किया जा रहा है यह जांच का बिषय बना हुआ है।

### नप देती है सिर्फ एनओसी

नगर क्षेत्र में मांस, मछली विक्रय कारोबार के लायसेंस के लिए न.प. द्वारा सिर्फ एनओसी जारी की जाती है। लायसेंस खादय औषधी विभाग द्वारा जारी किया जाता है। नगर में दर्जनों दुकाने संचालित हो रही हैं। किन दुकानदारों के पास पशुओं को काटने, मांस, मछली विक्रय के लायसेंस हैं। यह स्वयं जांच का बिषय बना हुआ है।

न.प. ने जारी की सूचना-प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने निर्णय लिया। उसी के परीपेक्ष में स्थानीय विभाग न.प. भी सक्रिय हो गई है। लायसेंस प्राप्त कर ही मांस, मछली का विक्रय नियम का पालन करते हुए किया जाए इसकी सूचना जारी करने के साथ ही मुनादी भी की गई है। देखना यह है कि कितने दुकानदारों द्वारा पालन कर मांस, मछली का व्यापार किया जा रहा है। या वर्षो से सबकुछ बिना अनुमति, बिना लायसेंस, अवैध रूप से कारोबार हो रहा है। नगर के विभिन्न हिस्सों जहां मुस्लिम परिवारों की अधिकता है, पशुओं का मांस, मुर्गा, मछली बैंचने मुख्य सड़क किनारे दुकाने संचालित हो रही हैं। हाथ ठेलों पर तो दर्जनों लोग अंडे बैंचते नजर आ जायेंगे। सरकार के निर्णय आदेश के परीपेक्ष में दशकों से चली आ रही व्यवस्था में कोई सुधार होगा यक्ष प्रश्न बना हुआ है।



**बरेली।** मांस मछली बेचने वालों को मौके पर पहुंचकर दी समझाइश।

### मुनादी कराई है

नप. द्वारा मांस, मछली विक्रेताओं के लायसेंस बनबाने में एनओसी दी जाती है। अभी तक कितनी एनओसी नही हुई, मालूम किया जा रहा है। मांस, मछली विक्रेताओं को सूचना पत्र, मुनादी के द्वारा लायसेंस लेकर ही नियमों का पालन करते हुए मांस, मछली के व्यापार करने की हिदायद दी गई है।
**हरिशंकर वर्मा,** सीएमओ न.प. बरेली

# ठंड का बढ़ा प्रकोप, बचाव के लिए आग तापने जलने लगे अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली



उत्तरी ठंडी हवाए चलने से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में शीत का भारी प्रकोप शुरू हो गया है। रात एवं दिन के तापमान में गिरावट आने के साथ पारा नीचे 10 डिग्री के आसपास आ जाने से 24 घंटो गर्म कपड़ों के उपयोग के बाद क्षेत्र के निवासी कांपने लगे हैं। सबसे अधिक दोपहिया वाहन चालक और दुकानदान, दुकानों के कर्मचारी बने हुए जिन्हे धूप के स्थान पर शीत ही शीत में काम करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के हाथ पांव ठंड में ठुठर जाने पर आग तापने लगते हैं।

उत्तरी ठंडी हवाओं के साथ संपूर्ण क्षेत्र में बारना बांध की नहरों का पलेवा, सिंचाई के लिए छोड़ा गया है। ठंडी हवाओं से बड़ी ठंडक फैले पानी की ठंडक पाकर और अधिक ठंडी होकर परेशानियों एवं कामों में रूकावट का कारण बन रही है। वर्तमान में संपूर्ण क्षेत्र में पलेवा, बोवनी के काम में किसान जुटे हुए हैं। धूप में तेजी होने और ठंड के भारी प्रकोप से खेतों में बतर भी ठीक से नही आ पाने के बाद भी किसान शीघ्र अतिशीघ्र गेंहू की बोवनी का प्रयास करने नगर आ रहे हैं।

### जलने लगे अलाव

भले ही न.प. द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने लकड़ी की व्यवस्था नही की गई है। फिर भी गरीब मजदूर वाहन चालक शीत के भारी प्रकोप में शरीर, हाथ पैरों को ठुठरन से बचाने आग तापने का सहारा लेते नगर आ रहे हैं। जिस प्रकार संपूर्ण क्षेत्र में शीत का भारी प्रकोप बना हुआ है, ठंड में दिनचर्या भी बदलने लगी है। सुबह सात बजे के आसपास सूर्योदय और शाम साढ़े पांच के आसपास सूर्यास्त होने से दिन का समय कम और रात का समय बढ़ गया है। शीत के प्रकोप के कारण नगर के बाजार भी जल्दी बंद होने लगे हैं। ठंड से बचने ग्रामों में अलाव जलाकर आग तापते ग्रामीण दिखाई दे रहे हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ पात्र नागरिकों को किया जाएगा लाभान्वित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर वैन को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को शहर के भोपाल तिराहे स्थित वन परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम का सांची विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, उदयपुरा विधायक नरेन्द्र पटेल तथा पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर उज्जैन में आयोजित प्रदेश स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाईव प्रसारण भी दिखाया गया।

सांची विधायक डॉ चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित हो रहा है, लगातार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारत की दुनिया में एक नई पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। मध्यप्रदेश में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उज्जैन से इस यात्रा का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ किया गया है। जिले में भी ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यहां आज यहां आईईसी वैन (प्रचार रथ) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जा रहा है जो कि जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पहुचेंगे और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का वैन में लगी एलईडी सहित अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करेंगे।







## 521 ग्रापं में पहुंचेगी यात्रा

जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने उपस्थित नागरिकों से कहा कि जिले की सभी 521 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी। यात्रा में आईईसी वैन (प्रचार रथ) सभी ग्राम पंचायतों में पहुचेंगी तथा केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, उदयपुरा विधायक नरेन्द्र पटेल तथा पूर्व केबीनेट मंत्री रामपाल सिंह द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथ) को हरी झण्डी दिखाकर निर्धारित रूट चार्ट अनुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### आज 7 परीक्षा केन्द्रों पर होगी राज्य सेवा व वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**रायसेन।** मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 17 दिसम्बर को जिला मुख्यालय रायसेन पर निर्धारित सात परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है जिसमें जिले के 1823 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा 17 दिसम्बर को दो सत्रों में सुब 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 02.15 बजे से शाम 04.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। जिला मुख्यालय रायसेन पर बनाए गए परीक्षा केन्द्र क्रमांक 31/1 शास.कन्या शिक्षा परिसर बाईपास रोड रायसेन, शास. आदर्श कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल सागर रोड रायसेन, शास.उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल रायसेन, शास.कन्या महाविद्यालय दशहरा मैदान रायसेन, शास.स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सागर रोड पाटनदेव रायसेन, अशा. प्रेसिडेन्सी कॉलेज ब्लॉक-बी दशहरा मैदान रायसेन तथा अशा. प्रेसिडेन्सी कॉलेज ब्लॉक-ए केन्द्रीय विद्यालय के पास रायसेन में राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 आयोजित की जाएगी।

### दो बाघों में हुई लड़ाई, एक की मौत

**रायसेन।** पांजरा बीट में शुक्रवार रात बाघ का शव पाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को बाघ का पोस्टमार्टम कराया, जिसमें पता चला कि एक अन्य बाघ से हुई लड़ाई में उसकी मौत हुई है। रायसेन जिले के गौहरगंज वन परिक्षेत्र के तहत आने वाली पांजरा बीट में शुक्रवार रात को बाघ का शव मिला। उसके शरीर पर कई घाव के निशान थे। औबेदुल्लागंज वन विभाग के एसडीओ दुष्यंत धाकड़ और रातापानी अभयारण्य के एसडीओ सुनील भारद्वाज जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। उन्होंने रात में शव मिलने वाली जगह पर फेंसिंग करवा दी। शनिवार सुबह सीसीएफ राजेश खरे और रायसेन डीएफओ विजय कुमार के निर्देश पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एसडीओ दुष्यंत धाकड़ ने बताया कि बाघों के बीच हुई आपसी फाइट में इस बाघ की मौत हुई है।

# बाड़ी में अवैध मीट-मटन दुकानों पर प्रशासन ने दिखाई सख्ती

अवैध और लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन कर संचालित करने वाले मीट दुकानों पर सख्त कार्रवाई करें: ममता चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर अरविंद कुमार दुबे के निर्देश पर तहसीलदार प्रमोद उइके, थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, सीएमओ भूपेंद्र सिंह के संयुक्त निर्देशन मार्गदर्शन में निकाय क्षेत्र में खुले में मीट, मटन, अंडा एवं मछली के विक्रय करने वाले दुकानदारों को समझाइश देते हुए शुक्रवार से अभियान को प्रारंभ किया गया। अभियान प्रारंभ के पहले नगर परिषद अध्यक्ष ममता धर्मेंद्र चौहान द्वारा एक दर्जन से अधिक दुकानदारों को समझाईश दी है कि खुले में मांस, मटन, मछली नहीं बेचेगा। इसके बाद भी अगर कोई बेचेता हुआ मिला तो उस पर कार्रवाई होगी। अवैध और लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन कर संचालित करने वाले मीट दुकानों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश प्रसारित किए।



**सीएमओ भूपेंद्र सिंह ने बताया मांस के प्रदर्शन की अनुमति नहीं**

भारत में खुले में मांस के बिक्री को लेकर नियम बनाए गए हैं। खाद्य सुरक्षा नियम के अनुसार, दुकानों के सामने लोगों के लिए मांस का प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। मांस की दुकानों पर लोहे की जगह स्टील से बने उपकरणों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए और मांस काटने के तीन घंटे के अंदर उसे बेचा जाना चाहिए।

### नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जरूरी

खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेने से पहले, मांस की दुकानों को संबंधित स्थानीय निकायों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी लेना होता है। मीट को इंसुलेटेड फ्रीजर वैन में ढोना, मीट कारोबार से जुड़े सभी वर्करों का अनिवार्य हेल्थ सर्टिफिकेट, मीट की दुकानों की धार्मिक स्थलों और सब्जी की दुकानों पर पर्याप्त दूरी, ऐसे कई मानक हैं जिनका पालन करना जरूरी है।

### 2006 में लाया गया खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम

हमारे देश में 2006 में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम लाया गया। इसे 2011 में लागू किया गया ये अधिनियम भारत में खाद्य सुरक्षा मानकों के निर्माण और कार्यान्वयन को भी स्थापित करता है। खाद्य सुरक्षा और मानक से संबंधित जिम्मेदारी राज्य सरकारों को दी गई है। खाद्य सुरक्षा मानकों एवं दिशा-निर्देशों का निर्धारण करता है।



### वाहनों के दस्तावेज पूरे नहीं होने पर बनाए चालान

**रायसेन।** शनिवार को शहर के महामाया चौक पर यातायात थाने पर प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्ष राज दुबे की उपस्थिति में वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें करीब 25 से 30 वाहनों पर जुर्माना किया गया। वाहन चालकों के सभी दस्तावेज कंप्लीट रखने, हेलमेट पहनने और अपने वाहन सीमित गति से चलाने की हिदायत दी गई। गौरतलब है कि स्थानीय महामाया चौक पर जैसे ही मजिस्ट्रेट चेकिंग शुरू हुई। वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। वाहन चालक गलियों से अपने-अपने वाहन निकालते नजर आए।

# बस स्टैंड से दुकानें हटाने पर तहसील पहुंचे लोग, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

नगर के नया बस स्टैंड पर लगी हुई दर्जनों दुकानों को बिना किसी सूचना या अनुमति के नगरपालिका द्वारा हटा दिया गया। जिसके विरोध में सभी दुकानदार एवं नागरिक एकत्रित होकर तहसील पहुंचे और तहसीलदार को ज्ञापन देकर दुकानों को बापिस रखवाने की मांग की।

विगत दिवस नगरपालिका सीएमओ द्वारा नया बस स्टैंड प्रतिक्षालय एवं आसपास लगी पान, चाय- नाश्ता, चूड़ियां, हरमाल एवं अन्य दुकानों को बिना किसी नोटिस या सूचना के हटाने की कार्यवाही की गई। जिससे नाराज दुकानदार समाजसेवियों के पास पहुंचे। तब ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, ब्रजेन्द्र बडेदा, आसिफ बेग, वीरेंद्र पाण्डेय, संजय राय, अकरम पटेल, राकेश श्रीवास, पंकज तिवारी, पवन दुबे, सकील ठेकेदार सहित सैकड़ों लोग उक्त दुकानदारों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे और करीब एक घंटे तक वहां बैठकर धरना दिया। जिसके उपरांत तहसीलदार एसआर देशमुख एवं सीएमओ शर्मा की मौजूदगी में ज्ञापन दिया। जिसमें बताया गया कि कई वर्षो से बस स्टैंड पर गरीब दुकानदार अपनी दुकानें लगाकर जीवन यापन करते हैं। लेकिन आज तक वहां पर किसी को कोई परेशानी नहीं हुई, लेकिन आज राजनैतिक रूप देकर नगरपालिका सीएमओ द्वारा बिना किसी नोटिस या जानकारी के उक्त दुकानदारों को वहां से हटा दिया गया और वहां पर नगरपालिका द्वारा फायर ब्रिगेड व अन्य वाहनों को रखवा दिया गया है। छोटे दुकानदार होने के नाते वह उसी से जीवन यापन करते हैं न तो उनको अन्य किसी जगह स्थान दिया गया। ऐंसे में वह आर्थिक रूप से परेशान हो जाएंगे।




उपस्थित लोगों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर उक्त दुकानों को फिर से लगवाने की मांग जहां पर सीएमओ कृष्णकांत शर्मा से वहां से वाहन हटाने और दुकानों को लगवाने की मांग की लेकिन सीएमओ द्वारा मांग ना मानने पर उपस्थित लोगों नगरपालिका की मनमानी व तानाशाही के खिलाफ नारे लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि दुकानदारों को उचित स्थान नहीं दिया गया तो हम उनके हक के लिए आन्दोलन करने बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# बीईओ के निरीक्षण में शाला बंद पाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

**समय से आधा घंटा पहले शिक्षकों को स्कूल बंद करना पड़ा महंगा**

कुछ सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के द्वारा मनमर्जी के मुताबिक स्कूलें संचालित की जा रही हैं। ऐसी ही एक स्कूल शाला बंद होने के समय से करीब आधा घंटे पहले ही निरीक्षण में बंद मिलने पर बीईओ ने संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की है। आपको बता दें कि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए सुनवाह संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक शाला गौरखी पहुंचे तो वह शाला बंद होने के समय से आधा घंटे पहले ही बंद पाई गई जानकारी लेने पर पता चला कि यहां पर दो शिक्षक चंद्रभान सिंह ठाकुर एवं आशा ठाकुर पदस्थ हैं। दोनों ही शिक्षक बच्चों की छुट्टी करके अपने अपने घर चले गए हैं। इस पर बीईओ श्रीवास्तव ने पंचनामा आदि बनाने के उपरांत दोनों ही शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई प्रस्तावित की है। बीईओ की इस कार्रवाई से ऐसे अनेकों शिक्षकों में हड़कंप मच गया है जो समय से पूर्व शाला बंद करके चले जाते हैं। इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि संबंधित शिक्षकों के विरोध एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। और भी शालाओं का निरीक्षण किया जाएगा यदि समय से पूर्व शाला बंद मिलती है तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।




**सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों को वितरित की गणवेश**

# समाजसेवी ने 22 निर्धन विद्यार्थियों को गणवेश कराई उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, सेवानिवृत प्राचार्य प्रजासेवक जैन व शोभा प्रजासेवक जैन द्वारा गरीब,निर्धन 22 विद्याथियो को स्वयं के व्यय पर गणवेश उपलब्ध कराई। इन गणवेशो का वितरण संक्षिप्त कार्यक्रम में किया गया। सेठ अमरचंद्र समैया सीएम राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 22 विद्यार्थियो को गणवेश का वितरण समाजसेवी प्रजासेवक जैन के द्वारा शनिवार को किया गया। समाजसेवी के उक्त कार्य की नगर में प्रशंसा की जा रही है। इसके पूर्व भी विभिन्न अवसरो पर समाजसेवी प्रजासेवक जैन के द्वारा हीन हीन लाचार लोगों की सहायता की जा चुकी है। गणवेश वितरण के मौके पर प्राचार्य एनपी शिल्पी भी विशेष रुप से मौजूद रहे तथा उन्होंने समाजसेवी श्री जैन के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा कर आभार माना तथा बताया कि विद्यालय को श्री जैन का सहयोग व मार्गदर्शन मिलता रहता है। यहां पर श्री जैन का फूल मालाओ से स्वागत कर सम्मान किया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहा।



# मेंटेनेंस: आज 4 घंटे बंद रहेगी सलामतपुर की बिजली सप्लाई

**सलामतपुर।** आज रविवार को 33 केवी लाईन में मेंटनेंस के चलते सलामतपुर टाउन और सांची टाउन की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सलामतपुर सांची विद्युत वितरण कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 33 केवी आमखेडा एवं 33 केवी दीवानगंज लाईन का मेंटेनेंस किया जाएगा। जिसके कारण सांची 1, सांची 2, मे?की, मुड़यिाखेड़ा, सलामतपुर व सांची टाउन की भी सप्लाई रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चार घंटों के लिए बंद रहेगी। जिसकी वजह से सलामतपर डीसी अंतर्गत सभी 11 केवी फीडर की सप्लाई बंद रहेगी। इससे सलामतपुर कस्बे, सांची शहर, दीवानगंज, मेड़की, आमखेड़ा, कुलहाड़िया, बेरखेड़ी चौराहा, ऐरन, गुलगांव, बांसखेड़ा, मुक्तापुर, राताताई, सोजना, गाडरखेड़ी सहित सम्पूर्ण क्षेत्रों की सप्लाई बाधित रहेगी। वहीं जेई मनीष कुमार श्रीवास्तव ने सभी उपभोक्ताओं को समय से पूर्व अपने आवश्यक कार्य पूर्ण करने की अपील की है।



टीआई ने शासन के दिशा निर्देशों से कराया अवगत, अवहेलना करने पर होगी कार्रवाई

# थाना परिसर में डीजे संचालकों व मांस-मटन विक्रेताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शासन के दिशा निर्देशो से अवगत कराने को लेकर थाना परिसर में शनिवार को टीआई डीपी सिंह के द्वारा डीजे संचालको व मांस मटन, मछली का विक्रय करने वाले दुकानदारो की बैठक आयोजित की तथा शासन द्वारा जारी किए गए नियमों से अवगत कराया। यहां पर डीजे संचालक व मांस मटन, मछली का विक्रय करने वाले विक्रेता मौजूद रहे। बैठक में नगर परिषद सीएमओ सुनील कुमार जैन व नप कर्मचारी भी शामिल हुए। आयोजित की गई बैठक में टीआई डीपी सिंह ने शासन के दिशा निर्देशो से सभी को विस्तार से अवगत कराया तथा सहयोग का आग्रह करते हुए चेताया कि यदि शासन के द्वारा जारी किए गए नियमो दिशा निर्देशों की अवहेलना की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

टीआई श्री सिंह ने कहा कि डीजे लाउडस्पीकर सहित अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि इनका अत्याधिक उपयोग अनेक बीमारियों का कारण बन रहा है। निर्धारित डेसीमल से अधिक ध्वनि विस्तार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है। विशेष रूप से बच्चों बुजुर्गो तथा मरीजों के लिए यह बेहद घातक होता है। यह भी बताया कि ध्वनि प्रदूषण एक बड़ी समस्या है जो कई मानसिक और शारीरिक बीमारियों का कारण बन रहा है। जिसके दृष्टिगत प्रदेश में धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों पर मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम,ध्वनि प्रदूषण नियमए 2000 के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय द्वारा समय.समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुकम में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थलों, धार्मिक यात्राओं, जुलूसों अथवा अन्य स्थलों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर, डीजे आदि का उपयोग किया जा सकेगा।



इसके अतिरिक्त टीआई ने मांस मटन के विक्रय को लेकर शासन द्वारा जारी किए निर्देशों से भी अवगत कराया तथा कहा कि खुले में बिना अनुमति मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने डीजे संचालको व मांस मटन विक्रेताओ से स्पष्ट रूप मे कहा कि वह शासन के दिशा निर्देशो का अःअक्षर पालन करें।